**Terms of Reference**

**Senior Consultant – Human Resources, NHSRC**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) is a technical support institution under the National Health Mission (NHM), Ministry of Health & Family Welfare. NHSRC works closely with the MoHFW and the States for Health Systems strengthening and supporting implementation of interventions under the NHM. Work at the NHSRC is organised around seven divisions, namely – Community Processes & Comprehensive Primary Care, Healthcare Financing, Healthcare Technology, Human Resources for Health, Knowledge Management Division, Public Health Administration and Quality Improvement.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a centre of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Union Ministry of Health and Family Welfare and its processes and State Health Department is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care and patient safety, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

**NHSRC intends to recruit Senior Consultant Human Resources (one post) purely on a contractual basis.**

**Role and Responsibilities:**

- Assist Principal Administrative Officer in managing all HR functions at the NHSRC Office and oversee all HR activities of its branch offices.
- Preparing Terms of References / Job Advertisements / Tender Documents / SOPs / HR Policies, as and when needed.
- Undertake recruitment of consultants for NHSRC, RRC-NE and MoH&FW.
- Undertake and assist in Annual Performance Appraisal exercise.
- Work on automated Attendance System / HRMIS software and generate reports as and when required.
- Identifying different institutions / Trainers & organize trainings for NHSRC & RRC-NE personnel.
- Managing MIS / Trackers / Database / Dash Boards.
- Creating Forms & Format – as and when required.
- Conducting Reference Checks, Preparing Offer Letters & Contracts, Induction of Consultants.
- Undertake any other assignments, which may be assigned from time to time.

**Reporting**. Reporting will be to Principle Administrative Officer, NHSRC

**Qualifications & Experience**

**(A)-Essential Qualifications**

- Regular MBA / Regular PGDBM in HR (2 Year) from a recognized university/ institution with Minimum 07 years of post-qualification work experience in Recruitment & other HR functions.

**(B)-Desirable Qualifications**

- Diploma/ Certification in Computer Application to cover MS Excel, Word, PowerPoint, database management, Access Diploma/ Certification in Business Management
- Diploma/ Certification in Labour Law & Welfare
- Working experience in Government / Social Sector is desirable
- Knowledge and experience of governmental recruitment, documentation, filing & correspondence process in Human Resource Management will be preferable.
- Excellent verbal & written communication skills.
- Ability to complete multiple tasks under pressure and should be a team player.
- Formal educational qualification could be relaxed for candidates with longer relevant experience in HR.

**Age Limit**: 45 years & below (As on last date of application)

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Extensive Travels to the States and Districts as per need.

**Remuneration Range:** Between Rs.90,000/- to Rs. 1,50,000/-

****Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience***

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance,Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Initial Contract till 31st March 2025 (with further extension subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **20th January 2023.**

## संदर्भ शर्तें

## सीनियर कनसल्टेंट– मानव संसाधन ,एनएचएसआरसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एन.एच.एस.आर.सी.) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के अंतर्गत तकनीकी समर्थन संस्था है। एन.एच.एस.आर.सी. स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और एन.एच.एम. के अंतर्गत कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में समर्थन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों के साथ करीबी तौर पर कार्य करता है। एन.एच.एस.आर.सी. में कार्य सात विभागों के आसपास व्यवस्थित है। ये विभाग हैं – सामुदायिक प्रक्रियाएं एवं व्यापक प्राथमिक देखभाल, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, ज्ञान प्रबंधन विभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं गुणवत्ता सुधार।

वर्ष 2006 में आरंभ से ही, एन.एच.एस.आर.सी. अपने कार्यक्रम के लिए ज्ञान के कोष और उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करता रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहे अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ इस संगठन के पेशेवर संपर्क हैं। ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जिन्होंने एन.एच.एस.आर.सी. को सेवाएं दी और स्नातक से लेकर पेशेवर जीवन की नई मंजिल पर पहुंचने तक अमूल्य अनुभव प्राप्त किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और इसकी प्रक्रियाओं में व्यापक अनुभव एन.एच.एस.आर.सी. की अनूठी विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य संस्था और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध दल के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने में सक्षम होने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर उपलब्ध कराता है। कई विषयों एवं क्षेत्रों से संबंधित टीम के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, उत्कृष्ट देखभाल एवं रोगी सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सृजन और प्रचार–प्रसार में योगदान कर सकते हैं। यह स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, जिला एवं उप–जिला स्तर पर कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में सहायता करने का अवसर है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में वितरित देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यान्वयनाधीन हैं। एन.एच.एस.आर.सी. में क्यू आई विभाग दो विशिष्ट भूमिकाओं के माध्यम से कार्यान्वयन में समर्थन देता है – प्रथम, स्वास्थ्य केंद्रों एवं आवश्यकता अनुसार थीमैटिक क्षेत्रों के विविध स्तर के लिए मानक स्थापित करना और क्षमता निर्माण एवं हैंडहोल्डिंग के माध्यम से कार्यान्वयन में राज्यों का समर्थन करना। द्वितीय, गुणवत्ता प्रमाणन की गतिशील प्रणाली के जरिए स्वास्थ्य केंद्रों में मानकों के हासिल करने का सत्यापन।

**एनएचएसआरसी विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर सीनियर कनसल्टेंट मानव संसाधन (एक पद) की भर्ती करने का इच्छुक है।**

**भूमिका और जिम्मेदारियां** :

- एनएचएसआरसी कार्यालय में सभी एचआर कार्यों के प्रबंधन में प्रधान प्रशासनिक अधिकारी की सहायता करना और अपने शाखा कार्यालयों की सभी एचआर गतिविधियों की निगरानी
- जब और जैसे आवश्यकता हो संदर्भ शर्तें/जॉब विज्ञापन/निविदा दस्तावेज/एसओपी/एचआर नीतियां तैयार करना
- एनएचएसआरसी, आरआरसी–एनई और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए कनसल्टेंट्स की भर्ती करना
- वार्षिक कार्य प्रदर्शन मूल्यांकन अभ्यास संचालित करना और सहायता करना
- स्वचालित उपस्थिति प्रणाली/एचआरएमआईएस सॉफ्टवेयर पर कार्य करना और जब एवं जहां आवश्यकता हो रिपोर्ट सृजित करना
- एनएचएसआरसी और आरआरसी–एनई कर्मियों के लिए विभिन्न संस्थानों/प्रशिक्षकों की पहचान करना और प्रशिक्षण आयोजित करना
- एमआईएस/ट्रैकर्स/डाटाबेस/डैश बोर्ड्स का प्रबंधन
- जब और जहां आवश्यकता हो प्रपत्र और प्रारूप सृजित करना
- संदर्भ जांच करना, प्रस्ताव पत्र और अनुबंध तैयार करना, कनसल्टेंट्स का प्रवेश (इंडक्शन)
- कोई अन्य असाइनमेंट करना जो समय–समय पर सौंपा जा सकता है

**रिपोर्टिंग** : एनएचएसआरसी के प्रधान प्रशासनिक अधिकारी को रिपोर्ट करना होगा

**शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव**

आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं

- **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मानव संसाधन में नियमित एमबीए / 2 वर्षीय नियमित पीजीडीबीएम भर्ती और अन्य मानव संसाधन कार्यों में योग्यता के बाद के न्यूनतम 7 वर्षों के कार्य अनुभव के साथ।**

वांछनीय योग्यताएं

- एमएस एक्सेल, वर्ड, पॉवर पाइंट, डाटाबेस प्रबंधन कवर करने के लिए कंप्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा/सर्टिफिकेशन, एक्सेस डिप्लोमा/बिजनस प्रबंधन में सर्टिफिकेशन
- श्रम कानून और कल्याण में डिप्लोमा/सर्टिफिकेशन
- सरकारी/सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव वांछनीय है
- मानव संसाधन में सरकारी भर्ती, प्रलेखन, फाइलिंग और पत्राचार प्रक्रिया के ज्ञान और अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी
- उत्कृष्ट मौखिक और लेखन संचार कौशल
- दबाव में अनेक कार्य संपन्न करने की क्षमता और टीम प्लेयर होना चाहिए
- एचआर में लंबे प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों के लिए औपचारिक शैक्षिक योग्यता में छूट दी जाएगी

**आयु सीमा :** 45 वर्ष और उससे नीचे (आवेदन प्राप्त होने की तिथि को)

**कार्य का स्थान** : पद नई दिल्ली के लिए है लेकिन राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य का वास्तविक अनुभव हासिल करने का अवसर। आवश्यकता अनुसार राज्यों और जिलों की गहन यात्रा।

**परिलब्धियों की सीमा** : रु. 90,000/– से 1,50,000/– के बीच
**इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव पर आधारित होगी।**

**अन्य लाभ** : उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धियों के अतिरिक्त, एन.एच.एस.आर.सी. के कनसल्टेंट निशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुमति लंबित), मोबाइल के बिलों की प्रतिपूर्ति, लैपटॉप की प्रतिपूर्ति (एन.एच.एस.आर.सी. की नीति के अनुसार), 30 दिन का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार पूरी तरह चुकता पेड अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ा प्रोत्साहन, टी.ए./डी.ए. और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन प्राप्त करने का अधिकारी है।

**अनुबंध की अवधि** : शुरुआती अनुबंध 31 मार्च, 2025 तक (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन आगे विस्तार )

इस साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशल एवं समुचित स्तर पर एन.एच.एस.आर.सी. में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवारों से आग्रह किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरें जो एन.एच.एस.आर.सी. वैबसाइट (http://nhsrcindia.org). पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **20th January 2023** है।